हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

3
सेक्टर 1 बालको में गणेश उत्सव की रही धूम



# करतला, कटघोरा और पाली में खेल विभाग को स्टेडियम के लिए नहीं मिल रही जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा स्टेडियम बनाने की तैयारी राज्य शासन से मिले दिशा निर्देश के तहत की जा रही है ताकि ग्रामीण अंचल के खेल प्रतिभाओं को अपनी खेल प्रतिभा को सामने लाने का मौका मिल सके। किंतु अब तक खेल विभाग को करतला, कटघोरा और पाली ब्लॉक में स्टेडियम के लिए जमीन नहीं मिल सकी है। कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में ही जमीन के चयन का काम किया गया है।

ग्रामीण अंचलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए अब स्टेडियम बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। बड़े खेल मैदान नहीं होने के कारण खेलो इंडिया और शालेय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं हो पाता था केवल ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताएं ही स्कूल के खेल मैदान में संपन्न कराई जाती थी। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों को जिला मुख्यालय आना पड़ता है। इसके अलावा खिलाड़ियों को सतत प्रशिक्षण के लिए भी उपयुक्त स्थान नहीं मिल पाता था। जो भी प्रशिक्षण का काम होते थे वह स्कूल के मैदान ⏭ शेष पेज 3 पर

## वन एवं बड़े झाड़ के जंगल की जमीन बन रही है बाधा

**खास बातें**

- अब तक कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में ही मिली है जमीन



**खोज रहे जमीन**

खेल युवा कल्याण विभाग को स्टेडियम के लिए बरपाली और सिंधिया में जमीन मिल गई है। करतला, कटघोरा और पाली में वन भूमि एवं बड़े झाड़ की जंगल की भूमि होने के कारण जमीन मिलने में दिक्कत हो रही है।
-दीनू पटेल, खेल अधिकारी, खेल युवा कल्याण विभाग

## पुराने स्टेडियम का जीर्णोद्धार नहीं

पसान एवं कटघोरा में पुराने स्टेडियम स्थित है, किंतु इनका जीर्णोद्धार नहीं होने से यह किसी बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के लिए सुलभ नहीं रहते। मैदान के समतलीकरण से लेकर तमाम तरह की सुविधाओं का आभाव यहां रहता है यहां तक की पानी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं रहती। जिसकी वजह से बड़ी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन इन दोनों स्टेडियम में नहीं हो पाता।

## खबर संक्षेप

### ग्राम बुदेली में स्वस्थ्य शिविर का कल

**कोरबा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी व श्रीबालाजी सेवा संघ के संयुक्त तत्वधान में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला एवं रक्तदान शिविर का ग्राम बुंदेली में अयोजन किया जा रहा है। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल ने बताया कि आयुश स्वास्थ्य मेला एवं रक्तदान शिविर का अयोजन में परामर्श सेवाएं के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा धृतलहरे एवं शुगर एवं बीपी विशेषक में डॉ. राहुल जायसवाल आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ, दिवाकर त्रिपाठी योग एवं नेचरोपैथी विशेषज्ञ में डॉ. आशी योग पाइल्स रोग विशेषज्ञ में डॉ. पवन मिश्रा आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. निकिता अग्रवाल होमियोपैथी विशेषज्ञ डॉ. प्रेमप्रकाश तिर्की पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार यादव, दन्त विशेषज्ञ डॉ. नेहा गोयल विशेषज्ञों के द्वारा परामर्श दिया जाएगा आयुष स्वास्थ्य मेला एवं रक्तदान शिविर 2 सितम्बर की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक श्री श्याम अखाडा परिसर ग्राम बुंदेली में अयोजित किया जाएगा।

### रामदेवपीर जयंती महोत्सव कल

**कोरबा।** श्री गुजराती समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामदेवपीर जयंती का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि जलाराम मंदिर स्थित गुजराती समाज भवन में 2 सितम्बर को कार्यक्रम का शुभारंभ अपरान्ह 4 बजे रामदेवपीर की स्थापना से होगा। इसके पश्चात संध्या 5 बजे से भजन का आयोजन रखा गया है। शाम 7 बजे संध्या आरती संपन्न होगी, जिसके उपरांत 7:30 बजे सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

### रामकथा महोत्सव का आयोजन 22 से

**कोरबा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां भवानी मंदिर परिसर में 22 सितंबर से 30 सितंबर तक श्री राम कथा महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। साथ ही मानस मंदिर का भव्य लोकार्पण पद्म विभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य पूज्य रामभद्राचार्य महाराज के करकमलों से होगा। मानस मंदिर का निर्माण पूज्य माताजी ज्योति पांडे, चंद्रकिशोर पांडेय, पुत्र मोहन के संकल्प से पूरा हो पाया है। यह मंदिर माता कौशल्या के गोद में बैठे प्रभु श्री राम की अद्भुत छवि है। इस मंदिर के दीवारों में रामचरित मानस के श्लोक और चौपाइयां उकेरी गई है, जो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित है और यह मंदिर भारत का पहला मंदिर होगा। यह मंदिर आध्यात्मिक शांति और भक्ति के लिए महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल होगा, जो आगंतुकों को रामायण की आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ेगा यह एक आस्था का केंद्र होगा।

## कचरा डंपिंग यार्ड से 500 मीटर दूर है प्रस्तावित स्थल

# मास्टर प्लान तैयार, बरबसपुर में ही बन सकता है नया ट्रांसपोर्ट नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आखिरकार नए ट्रांसपोर्ट नगर को लेकर जारी असमंजस की स्थिति अब खत्म होने जा रहा रही है। लंबी चर्चा और विचार विमर्श के बाद जिला प्रशासन बरबसपुर में ही नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की योजना पर काम कर रहा है। नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम ने बरबसपुर में प्रस्तावित स्थल का दौरा किया। इस दौरान टीम ने अपने ड्राइंग डिजाइन से नए ट्रांसपोर्ट नगर के लिए चिन्हित स्थल का मिलान किया।



फाइल फोटो

बरबसपुर में जिस स्थान पर नया ट्रांसपोर्टनगर बसाने की योजना पूर्व में बनाई गई थी, उसी क्षेत्र में नगर निगम का कचरा डंपिंग यार्ड भी है। नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार डंपिंग यार्ड से 200 मीटर से 500 मीटर की दूरी में किसी भी प्रायोजन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अब जिला प्रशासन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल की गाइड लाइन का पालन करते हुए नए ट्रांसपोर्टनगर के थोड़ा स्थान परिवर्तन कर रहा है। ताकि कानूनी प्रवधान का पालन हो सके और नया ट्रांसपोर्ट नगर भी बस जाए। पूर्व की राज्य सरकार में जब नए ट्रांसपोर्ट नगर को बसाने पर कोरबा से रायपुर तक मंत्रियों के बीच टकराव चल रहा था, तब जिला प्रशासन ने भुलसीडीह में 42 एकड़ सरकारी जमीन को चिन्हित किया था। इसके लिए आम सूचना का प्रकाशन कर लोगों से दावा आपत्ति भी मंगाया गया था। इस पर मेडिकल कॉलेज की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई। प्रशासन ने मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। तब यह मामला अधर में लटका हुआ है। हालांकि अभी इस मसले को लेकर निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि खुलकर कुछ बोलने से बच रहे हैं, लेकिन नए ट्रांसपोर्टनगर को लेकर निगम के भीतर हलचल शुरू हो गई है। यह तेजी तब आई है जब हाल के दिनों में कई मौकों पर श्रम एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। अब बरबसपुर का नाम सामने आने से एक बार फिर चर्चा है कि जिला प्रशासन इस क्षेत्र में नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की योजना पर काम कर रहा है। नया परिवहन नगर बरबसपुर में बसाने के लिए पांच साल पहले भूमिपूजन किया गया था। आशय की सूचना राजपत्र में प्रकाशित भी करवाया गया सभी संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी किए गए हैं। बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्टनगर बसाने की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके पहले ही कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों के बीच अंदरुनी कल्ह शुरू हो गया। नया ट्रांसपोर्टनगर पार्टी में चल रही अंतरकल्ह का भेंट चढ़ गया।

## 42 एकड़ जमीन चिन्हित

कोरबा में नया ट्रांसपोर्टनगर कहां बना जाए इसके लिए समय-समय पर बैठकें हुई हैं। पूर्व में कांग्रेस की सरकार की सरकार में कोरबा में एक बैठक हुई थी। इसमें तत्कालीन सांसद, महापौर एवं अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ टाऊन एण्ड कण्ट्री प्लानिंग और प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने का निर्णय लिया गया था। बैठक में लिए गए निर्णय को कोरबा के मास्टर प्लान में शामिल करते हुए बरबसपुर में 72 एकड़ भूमि का आवंटन नगर निगम को किया जा चुका है। योजना को मूर्त रूप देने के लिए प्रथम चरण में 42 एकड़ और दूसरे चरण में शेष 30 एकड़ जमीन पर कार्य होना है।

# बाल संप्रेक्षण गृह के कोहड़िया भवन में शिफ्ट होने के दो दिन बाद 4 किशोर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के नये थाने भवन से कोहड़िया के बाल संप्रेक्षण गृह के नये भवन में शिफ्ट किये जाने के बाद चार अपचारी बालक उद्घाटन के कुछ घंटे बाद ही फरार हो गए। इसके पूर्व जब रिस्दी से बाल संप्रेक्षण गृह को बालको को नये भवन में शिफ्ट किया गया था उस दौरान भी चार अपचारी बालक फरार हो गए थे। इस तरह से लगातार सुरक्षा में लापरवाही की दूसरी बार घटना उजागर हुई है।

**खास बात**

- एक माह पूर्व बालको थाने के सामने भवन से भी हुए थे फरार

महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल संप्रेक्षण गृह को कुछ दिन पूर्व ही कोहड़िया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पीछे बाल संप्रेक्षण गृह के भवन में शिफ्ट किया गया था। इस दौरान शिफ्ट होने के कुछ घंटे बाद ही 4 अपचारी बालक के फरार होने की घटना सामने आई है। बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने विभाग को पत्र लिखकर गृह को जल्द से जल्द कहीं और शिफ्ट करने को कहा था। बता दें कि रिसदी के इस भवन से भी कई बच्चे फरार हो चुके हैं और इनमें से कुछ तो अब तक पकड़ में नहीं आ सके हैं। बाल आयोग अध्यक्ष के निर्देश पर नए भवन की तलाश शुरू हुई और सालों पहले बालको थाने के लिए बनाये गए भवन को इसके लिए चुना गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विभाग के फण्ड एवं डीएमएफ से मिली रकम से कुल 25 लाख रुपयों का इंतजाम किया और बालको द्वारा निर्मित इस बंद पड़े भवन का जीर्णोद्धार किया गया। इसके बाद रिसदी से बच्चों को यहां शिफ्ट किया गया। जून के आखिरी सप्ताह में यह भवन शिफ्ट हुआ और उसी रात को दो बाल अपराधी बाथरूम का रौशनदान तोड़कर फरार हो गए। बाल सम्प्रेक्षण भवन को यहां शिफ्ट हुए दो महीने भी नहीं बीते थे कि जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने कोहड़यिा में निर्मित होने के बाद से बेकार पड़े शासकीय भवन में जल्द से जल्द बाल सम्प्रेक्षण गृह को शिफ्ट करने का निर्देश दिया था। उसके बाद भवन का जीर्णोद्धार किया गया और शुक्रवार को संप्रेक्षण गृह को इस भवन में शिफ्ट किया गया और दो दिनों के भीतर ही 4 बाल अपराधी बाथरूम का रौशनदान तोड़कर ⏭ शेष पेज 3 पर

# नेहरू नगर के अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के बीचों-बीच बसे नेहरू नगर क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अतिक्रमण पर आखिरकार निगम प्रशासन ने सख्ती दिखाई। रविवार की सुबह नगर निगम की टीम भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर पहुंची और रेलवे पटरी के किनारे किए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया। निगम अधिकारियों ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे झोपड़ी, और टीन शेड बनाकर कब्जा किया जा रहा था। इन अवैध निर्माणों के कारण नेहरू नगर के रहवासी परेशान थे। रेलवे की सुरक्षा और आसपास की साफ-सफाई पर भी असर पड़ रहा था। बार-बार समझाइश देने के बावजूद कब्जाधारियों ने जगह खाली नहीं की, जिसके बाद प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। निगम कर्मियों ने जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से सभी अवैध ढांचे को ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण हटाने के साथ ही मलबा भी उठाकर जगह को साफ किया गया। निगम आयुक्त ने साफ किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की मुहिम जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ इसी तरह कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत किया है। उनका कहना है कि अतिक्रमण हटने से कॉलोनी वासियों ने राहत की सांस ली है। वही इलाके में साफ-सफाई भी बनी रहेगी।



बेजाकब्जा हटाते हुए निगम अमला।

# चोरी हुआ ट्रेलर झारखंड से बरामद, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत विवेक कंस्ट्रक्शन के एचआर हरेन्द्र कुमार यादव उम्र 33 वर्ष पिता रास बिहारी यादव ने 29 अगस्त को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि यह विवेक कन्सट्रक्शन में एचआर का काम करता है। विवेक कन्सट्रक्शन के नाम से ट्रेलर गाड़ियां फ्लाई एश की ढुलाई में चलती है। जो ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीटी 8144 धनरास छुरी थाना कटघोरा फ्लाई एश डैम से विश्रामपुर माइंस, दुर्ग आरंग भारतमाला परियोजना में चलती है। जो उक्त ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीटी 8144 को चालक उपेन्द्र पाल पिता केशो पाल उम्र 39 वर्ष निवासी वार्ड 06 ग्राम बघमनवा पोस्ट थाना विश्रामपुर जिला पलामू (झारखण्ड) का चला रहा था। जो उक्त ट्रेलर को 29 अगस्त की रात्रि लगभग 12:30 बजे विवेक कन्सट्रक्शन रूमगड़ा बालको नंदबाग साइड ऑफिस में गाड़ी खड़ी थी। गाड़ी की चाबी चालक उपेन्द्र पाल के पास थी। 29 अगस्त की सुबह करीबन 5 बजे मैनेजर विकास गौड़ के द्वारा फोन से सूचना दिया गया कि उक्त ट्रेलर साइड में नहीं खड़ी है। उपेन्द्र पाल उक्त ट्रेलर को चोरी कर ले गया है। हरेंद्र ने शंका जताई थी कि उपेन्द्र पाल एवं दो दिन पूर्व ड्रायवरी से निकाले गये ड्रायवर अनिल कुमार यादव, सुनील यादव तीनों मिलकर उक्त ट्रेलर को चोरी कर ले गये है। हरेंद्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनो के विरुद्ध अपराध दर्ज कर उनकी पतासाजी शुरु की। प्रभारी थाना बालको अभिनव कांत सिंह के नेतृत्व में मामले में चोरी हुई मशरूका की बरामदगी व आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम गठित किया गया। मुखबीर से सूचना मिली कि उक्त ट्रेलर रामानुगंज स्थित बेरियर जो कि छत्तीसगढ़ व झारखण्ड की सीमा पर है। वह 29 अगस्त की सुबह लगभग 4.40 बजे वहां से गुजरी है। जिस पर पुलिस की टीम सउनि इमरान खान के नेतृत्व में आरक्षक सलामुद्दीन व आरक्षक मनोज मिर्जा को जिला गढ़वा (झारखण्ड) के लिए रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा थाना डण्डई जिला गढ़वा (झारखण्ड) से मामले में चोरी हुई ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीटी 8144 को 31 अगस्त को बरामद कर तथा आरोपी फरार हो गए हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम को पुनः रवाना किया जाएगा।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस



## 890 ग्राम वजनी नवजात की स्थिति थी नाजुक

# कुपोषित नवजात के दिल में छेद, मेडिकल कॉलेज में हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्धारित समय से पहले जन्मे एक कुपोषित बच्चे के साथ समस्या यह भी थी कि उसके दिल में छेद था। बैक इको से इसकी जानकारी हुई। जिला मेडिकल कॉलेज हस्पिटल में 40 दिन तक बेहतर उपचार और जांच के साथ इस बच्चे को सामान्य स्थिति में लाया गया है और अब उसकी छुट्टी की जा रही है। बच्चों के परिजन इस व्यवस्था से काफी खुश नजर आए।

जिले के लौटनापारा हरदीबाजार की रहने वाली रश्मि कुर्रे ने जुलाई महीने में बच्चे को जन्म दिया था। समय से पहले हुए प्रसव के कारण कुछ दिक्कत थी। बच्चों का वजन भी कम था और उसके दिल में छेद होने की जानकारी मिली। रश्मि ने बताई ऐसी स्थिति में परिजनों का डरना स्वाभाविक था। रश्मि ने बताया कि बच्चों को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी बेहतर चिकित्सा हुई और पोषण पर ध्यान दिया गया। अच्छी बात यह है कि नवजात स्वस्थ हो गया है और उसकी समस्या दूर हो गई है। इस मामले में विशेष प्रयास करने वाली मेडिकल कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर हेमा नामदेव ने बताया कि रश्मि का प्रसव घर पर हुआ था और उसके बाद उसे पास के अस्पताल ले जाया गया। नवजात की स्थिति नाजुक थी और उसका वजन केवल 890 ग्राम का था। डॉ हेमा नामदेव ने बताया कि नवजात कुपोषित था और जब बैक इको से जांच की गई तो उसके दिल में छेद होने की जानकारी मिली। 40 दिन तक उपचार देने के साथ बच्चों को ठीक कर लिया गया है। उसके परिजन हर्षित है। याद रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में कोरबा को मेडिकल कॉलेज कि सुविधा दी गई। उसके बाद से लगातार मेडिकल स्टाफ की भर्ती के साथ संसाधनों में बढ़ोतरी की जा रही है कोरबा जिले के सांसद आसपास के कई जिलों के मरीजों को यहां से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो रही है।




उपचार के बाद उपस्थित चिकित्सकीय स्टाफ व मरीज।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### भाजपा का विरोध प्रदर्शन आज

**बिलासपुर**। बिहार राज्य में राहुल गांधी की आमसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता को लेकर कोंग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अभद्रतापूर्ण शब्दों के इस्तेमाल के विरोध में सोमवार को युवा मोर्चा के कार्यकर्ता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन करेंगे। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता मीडिया के समक्ष कांग्रेस को घेरेंगे। दोपहर 12.30 बजे लखीराम ऑडिटोरियम हॉल में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक जिले के सभी विधायकों की उपस्थिति में पत्रकारों से चर्चा करेंगे। वहीं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पुराना बस स्टैंड में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन करेंगे। इसमें जिले भर से युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।

### जाम ने किया लोगों को हलाकान



**बिलासपुर**। रविवार की शाम शहर की सड़कें खचाखच भरी रहीं, इस दौरान लोग शाम के खुशनुमा मौसम का आनंद लेने बाहर निकले और ज्यादातर सड़कें जाम रही। उसलापुर से मंगला चौक तक 4 से 7 बजे तक जाम लगता रहा, यही हाल राजकिशोर नगर, तोरवा ब्रिज, जूना बिलासपुर, गोल बाजार सहित कई इलाकों में सड़कों पर गाड़ियों का रेलमपेल लगा रहा। बताया जा रहा है कि गणेश प्रतिमाओं को निहारने के लिए लोग बाहर निकले, रविवार का दिन होने के कारण शहर में अच्छी खासी भीड़ रही।

### 11 केवी में आई खराबी बंद रही बिजली



**बिलासपुर**। सुबह से ही टिकरापारा, करबला रोड जैसे इलाकों में बिजली की समस्या रही, सुबह से जारी बिजली की आंखमिचौली दोपहर तक जारी रही, इस दौरान 11 केवी के तार में आई खराबी के चलते घंटों बिजली बंद रही, जिससे उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को खासी मुसीबत झेलनी पड़ी। इस दौरान टिकरापारा क्षेत्र में सुबह से ही पीने का पानी नसीब नहीं हो सका, लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ा। लोगों की शिकायत है कि इस दौरान पीजीबीटी सबस्टेशन और फ्यूज कॉल का नंबर बंद होने के कारण उपभोक्त शिकायत भी दर्ज नहीं करा पा रहे थे, कुछ लोगों ने अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जिसके बाद मरम्मत कार्य किया गया है।

### जेठा समपार आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु बंद



**बिलासपुर**। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत सक्ती-बाराद्वार स्टेशनों के मध्य पर स्थित मानव सहित समपार जेठा फाटक को 2 सितम्बर मंगलवार को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आवश्यक लाईन मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही स्थित सकरेली रोड ओवरब्रिज से उपलब्ध है।

**बीमारी** वार्ड नंबर 37 इंदिरा नगर के यादव मोहल्ला में फैला पीलिया

# पीलिया से एक की मौत, 15 बीमार, निगम, स्वास्थ्य विभाग का अमला नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में एक बार फिर पीलिया पैर पसार चुका है, वार्ड नंबर 37 इंदिरा नगर के यादव मोहल्ला में 15 से अधिक लोग पीलिया से ग्रसित हैं। इस दौरान पीलिया के पीड़ित 1 युवक की मौत हो चुकी है। वहीं लोगों के बीमार होने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी नहीं है, जबकि क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी है। इसके बावजूद क्षेत्र में पानी की सप्लाई को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं और गंदा पानी पीने की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं।

- मितानिन और एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल में होने का असर

इंदिरा नगर वार्ड में इन दिनों पीलिया का कहर बरपा हुआ है, क्षेत्र के 8 परिवार के 15 से अधिक लोगों को पीलिया के शिकायत है। इस बीच एक व्यक्ति की मौत पीलिया से हो चुकी है। बताया जा रहा है कि स्कूल के सामने आकाश सिंह ठाकुर पिता विमल सिंह ठाकुर की मौत पीलिया के चलते हो चुकी है। वहीं विकास रजक पिता सूरज रजक 15 वर्ष, काव्या विश्वकर्मा पिता शंकर विश्वकर्मा 5 वर्ष, धानी विश्वकर्मा पिता अमित विश्वकर्मा 12 वर्ष और शुभम देवांगन पिता मनोज देवांगन 20 वर्ष की तबीयत नाजुक है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों का आरोप है कि बोर के पानी में निगम के अधिकारियों ने अमृत मिशन का पाइप लाइन जोड़ दिया है, जिससे एक माह से गंदा पानी आ रहा है, इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से की गई है लेकिन ना तो क्लोरिन की दवा का वितरण किया गया है और ना ही अमृत मिशन के गंदे पानी की सप्लाई बंद की गई है।



इंदिरा नगर वार्ड में पानी सप्लाई की दूषित जगह, वार्डवासियों से चर्चा करते पार्षद।

### क्या कहते हैं लोग

बच्चों की तबीयत लगातार बिगड़ रही है, मोहल्ले के कई घर इससे प्रभावित हैं। हमारे घर में भी गंदा पानी आ रहा है, निगम के अधिकारी बात सुनने को तैयार नहीं है। - **रामप्यारी निर्मल**

अमृत मिशन का पाइप लाइन बोर के पाइप लाइन से जोड़ा गया है, बारिश के बाद पानी में नाली की बदबू आ रही है और पानी मटमैला है। इसकी जानकारी निगम के अधिकारियों को फोन से दी गई है लेकिन आज तक कोई देखने नहीं पहुंचा है।- **रामकुमार देवांगन**

निगम के अधिकारियों की लापरवाही क्षेत्र के लोगों के लिए मुसीबत बन चुकी है, पीलिया के मरीज हर घर से निकल रहे है, एक की मौत हो चुकी है। जिम्मेदार लोगों के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। - **कृष्णा राज**

### स्वास्थ्य विभाग बेखबर

गंभीर बात यह है कि मितानिन और एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर हैं, दोनों के फील्ड स्टाफ है और ऐसे मामलों में इन्हीं कर्मचारियों के सहारे स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों के साथ ही ईपीडीमिक स्थिति की जानकारी मिलती है। क्षेत्र में पीलिया फैला हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी नहीं मिल रही है, ऐसे में प्रभावित क्षेत्र का सर्वे, दवा वितरण, जांच सब ठप पड़ चुका है।

### जानकारी नहीं मिल पाई है

हमारा फील्ड स्टाफ अभी हड़ताल पर है। जिसके चलते जानकारी नहीं मिल पाई है। निगम के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

**-डॉ प्रभात श्रीवास्तव**
नोडल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग

### एक दो लोगों को पीलिया है

पानी की समस्या वाली बात नहीं है। हमने वार्ड में सर्वे किया है, लिकेज जैसा कुछ नहीं है। जिस व्यक्ति की मौत हुई है वह अन्य कारण है। एक दो लोगों को पीलिया की शिकायत है।

**-अनुपम तिवारी**
जल शाखा, नगर निगम

तखतपुर के निगारबंद स्थित पाठ बाबा मंदिर में हुई वारदात

# अवैध संबंध के संदेह पर पुजारी की हत्या, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/तखतपुर

बीती रात तखतपुर के निगारबंद स्थित पाठ बाबा मंदिर के पुजारी की अवैध संबंध के संदेह पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

तखतपुर पुलिस के अनुसार, निगारबंद परसाकांपा निवासी जागेश्वर पाठक उर्फ मोटू पिता स्व. राजकुमार पाठक 30 साल सिद्धबाबा पीठपाठ बाबा मंदिर के पुजारी थे। इसके पहले उनके पिता मंदिर के पुजारी थे। उनकी मृत्यु के बाद से वे मंदिर की देखरेख में पूजा पाठ कर रहे थे। शनिवार की रात 8 बजे वे घर से खाना खाकर मंदिर में सो गए थे। देर रात अज्ञात लोगों के द्वारा जागेश्वर पाठक पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर उनकी हत्या कर दी। उनके सिर व चेहरे पर गंभीर चोट के निशान है। रविवार की सुबह 6 बजे उनकी मां अहिल्या बाई पाठक फूल व चाय लेकर बेटे को देने के लिए मंदिर गईं तो वहां बेटे की खून से लथपथ लाश दिखी। उनके चीखने चिल्लाने से आसपास के लोग मंदिर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मंदिर में पुजारी की हत्या की खबर से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस के आला अफसर, फोरेंसिक टीम, एसीसीयू टीम सर्चडाग लेकर मौके पर पहुंच गई। पुलिस मृतक के छोटे भाई कलेश्वर पाठक की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई। देर रात तक पांच आरोपियों को पकड़ लिया गया है।

- शनिवार की देर रात हुई वारदात





हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी।

### एसएसपी पहुंचे मौके पर

हत्या की खबर मिलते ही एसएसपी रजनेश सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने एएसपी अर्चना झा, एसडीओपी नुपुर उपाध्याय से घटना की जानकारी ली। उसके बाद हत्यारों को पकड़ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम



जांच के दौरान पुलिस को मौके से एक जोड़ी चप्पल मिली है। एसीसीयू टीआई अजहरुद्दीन ने बताया कि मंदिर के बाजू में बरेला निवासी सुरेश धुरी पत्नी के साथ रहकर अधिया में खेती कर रहे थे। जिससे पुजारी व महिला के बीच बातचीत होती रहती थी। इससे उसका पति पुजारी से अवैध संबंध होने का संदेह कर पत्नी से मारपीट करने लगा। महिला पति को छोड़कर मायके में रहने लगी। एसीसीयू टीम ने मुख्य आरोपी सुरेश धुरी के बहनोई मुकेश धुरी, ममेरा भाई हेमकुमार धुरी चकरभाठा, बसिया सिरगिट्टी एक नाबालिग व छोटू महराज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को पता चला है कि चारों ने सुरेश धुरी के साथ मिलकर बाइक के शाकप, ईंट पत्थर से हमला कर हत्या करना स्वीकार कर लिया है। देर रात पुलिस ने मुख्य आरोपी सुरेश धुरी को धमतरी से गिरफ्तार कर लिया है। सुरेश धुरी ने चारों को पहले छककर शराब पिलाई उसके बाद वारदात को अंजाम दिया था।



गिरफ्तार बदमाशों को कान पकड़कर उठक बैठक कराती पुलिस।

# सरकण्डा क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 10 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर**। पुलिस ने सरकण्डा क्षेत्र में ग्रुप बनाकर अशांति फैलाने वाले 10 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर 31 अगस्त को सरकण्डा पुलिस ने चिंगराजपारा, रपटा चौक, चांटीडीह, अशोकनगर में विशेष अभियान चलाकर ग्रुप बनाकर अशांति फैलाने वाले सैय्यद सद्दाम अली पिता सैय्यद महबूब अली 30 साल भूकंप अटल आवास, जय सिंह राजपूत पिता महेश सिंह 25 साल भूकंप अटल आवास, गोलू कुमार गंधर्व उर्फ राधे पिता स्व. झगरूराम गंधर्व 38 साल देवनचाल चिंगराजपारा, रोशन ध्रुव उर्फ रोशन पिता रामू गोंड़ 25 साल किसानपारा चांटीडीह, दिनेश निर्मलकर पिता रामजी 35 साल चांटीडीह, कृष्ण कुमार कैवर्त्य पिता मदनलाल 35 साल लिंगियाडीह, नवल वर्मा पिता लीलाराम वर्मा 22 साल देवनचाल चिंगराजपारा, परमेश्वर उर्फ पुक्की केंवट पिता बजरहा केंवट 23 सा किसानपारा चांटीडीह, सागर साहू पिता महादेव साहू 25 साल डबरीपारा, प्रहलाद मराठा पिता स्व. लखन मराठा 37 साल देवनचाल चिंगराजपारा निवासी को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### मस्तूरी टीआई ने पुलिस लाइन भेजने दिया आवेदन

**बिलासपुर**। मस्तूरी टीआई ने पुलिस लाइन भेजने एसएसपी को आवेदन दिया है। इससे जिले में थानेदारों का बड़ा फेरबदल होने की संभावना बढ़ गई है। 27 अगस्त को मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर के द्वारा एसएसपी को स्वास्थ खराब होने व रिटायरमेंट को मात्र तीन माह शेष होने का हवाला देते हुए पुलिस लाइन तबादला करने का आवेदन दिया है। इधर तीन दिन पहले जांच के नाम पर बाइक सवार महिलाओं को रोककर परेशान करने पर हिर्री टीआई अवनीश पासवास को निलंबित कर दिया गया था। अब तक हिर्री थाने में नए थानेदार की पोस्टिंग नहीं की गई है। वहीं पिछले कुछ दिनों से थानों में पुलिसकर्मियों की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। इससे विभाग में एक बार फिर जिले के कई थानेदारों के फेरबदल होने जोरों से चर्चा है।

### आग लगाने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**। पूर्व सरपंच को जान से मारने की धमकी देकर घर में आग लगाने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, 2 साल पहले ग्राम कोड़िया के पूर्व में सरपंच धर्मेन्द्र श्रीवास्तव के घर में घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर में आग लगा दी गई थी। उक्त मामले में फरार आरोपी कौड़िया निवासी राज कुमार केंवट पिता घनाराम केंवट 28 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# आंखों के लैंस में हो रही लूट, इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोतियाबिंद आपरेशन के बाद लगने वाले इंट्राआक्युअर लेंस की मुनाफाखोरी रोकने को लेकर इंजीनियर्स पब्लिक वेलफेयर एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन ने पीएम नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर की सीलिंग प्राइज निर्धारित करने की मांग की है। एसोसिएशन ने ड्रग्स एवं कास्मेटिक एक्ट 1940 और ड्रग प्राइज कंट्रोल 2013 के आदेशों का हवाला दिया है।

कंपनी और अस्पताल के सीडिकेट के जरिए मरीजों को बड़ी चपत लगाई जा रही है। 750 रूपए की खरीदी कीमत के लेंस 15 हजार रूपए के एमआरपी पर मरीजों के आंखों में लगाई जा रही है। दरअसल मोतियाबिंद के आपरेशन में ज्यादातर हाईड्रोफोबिक फोल्डेबल मोनोक्रोमेटिक इंट्राआक्युअर लेंस लगाए जाते हैं।

जिसमें कंपनी गैलेक्सी फोल्ड हाईड्रोफोबिक क्लियर फोब द्वारा 20 गुना कीमत, अप्पा स्वामी सुपर फोब 6 गुना, केयर ग्रुप अल्टीमा प्लस नेचुरल 6 गुना, एल्कॉन एक्रीसाफ 3 गुना और कार्ल जाइस सीटी लुसिया 3 गुना कीमत वसूल रहा है। कुछ समय पहले महाराष्ट्र सरकार के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा इंट्राआक्युअर लेंस की प्राइजिंग के लिए नेशनल फार्मासूटिक प्राइजिंग अथॉरिटी को इंट्राआक्युअर लेंस को डीपीसी के तहत निर्धारित मूल्यों में बेचने का अनुरोध किया गया है।

- डीपीसी के तहत सीलिंग प्राईज निर्धारित करने की मांग

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनियों के कर्मचारी और पेंशनरों के लिए लागू कैशलेस स्वास्थ्य योजना में भी इंट्राआक्युअर लेंस लगाने के नाम पर लूट मची हुई है। 1 अप्रैल से 30 अगस्त तक 150 से अधिक मोतियाबिंद के आपरेशन किए गए है। खास बात यह है चहते डाक्टरों को बिल सब्मिट करने के 10 दिनों के भीतर भुगतान किया जा रहा है, वहीं कुछ डाक्टरों को एसोसिएशन के नाम पर अनुचति तरीके से डिस्काउंट देने से रोका जा रहा है।

एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है कि बिना कारण कैशलैस आपरेशन को रोकने वाले डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने, इंट्राआक्युअर लेंस को अधिसूचित कर ड्रग प्राइज कंट्रोल के अंतर्गत लाकर मरीजों के साथ होने वाले लूटपाट को रोकने की मांग की गई है।

### स्टेशन में मसाज करा सकेंगे यात्री

**बिलासपुर**। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सफर के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की थकान दूर करने तथा उन्हें आराम की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्टेशन के गेट नम्बर 1 के पास मशीनीकृत अत्याधुनिक मसाज लाउंज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है । इस मशीनीकृत अत्याधुनिक मसाज लाउंज सुविधा का विधिवत शुभारंभ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन ने किया। विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया लाउंज यात्रियों को अपनी प्रतीक्षा अवधि का सदुपयोग करने का अवसर देगी। यहां आकर यात्री अपने सफर के तनाव को दूर कर तरोताज़ा महसूस कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है और उन्हें आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। यात्री बेहद किफायती दर पर इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

## 6 दिनों का मिला शेड्यूल, विमान की कमी के चलते 4 दिन की सुविधा

**बिलासपुर**। बिलासपुर से दिल्ली की फ्लाइट हफ्ते में 6 दिन के बचाए 4 दिन ही चल रही है। अलायंस एयर के पास विमान की भारी कमी है ऐसे में शेड्यूल होने के बाद भी दिल्ली की उड़ान में कमी कर दी गई है। इससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली की फ्लाइट पूरी तरह से सीटें फुल जा रही है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि अलायंस एयर द्वारा बिलासपुर से दिल्ली के बीच उड़ानों कम कर दी गई है, यह विंडबना है। 2021 में एयरपोर्ट शुरू किया गया, इस दौरान एक सप्ताह में 8 उड़ाने दिल्ली पहुंचती थी, रविवार को दो बार उड़ान भरी जाती थी, लेकिन अब स्थिति बदल गई है, सप्ताह में 4 या 5 दिन ही दिल्ली की उड़ान यात्रियों को मिल रही है। इसका असर यह है कि शनिवार को टिकट मिलना ही बंद हो गया था। बिलासपुर से दिल्ली का किराया 8 हजार रूपए हो चुका है, वहीं इसके बाद भी यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि अलायंस एयर विमान की संख्या बढ़ाए या सरकारें नई एयरलाइन्स कंपनी के लिए रूट दे। रविवार को बद्री यादव, रशीद बख्श, रामशरण यादव, समीर अहमद,अशोक भंडारी, महेश दुबे, मनोज तिवारी, प्रकाश बहरानी, चित्रकांत श्रीवास, अमर बजाज शेख शामिल रहे।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह अगस्त 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अगस्त 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 सितंबर 2025 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
**हरिभूमि**
**गौरव पथ रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर**

### घर में शराब बिक्री कर रही महिला गिरफ्तार, गई जेल

**अम्बिकापुर**। घर में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने महिला के पास से 21 लीटर शराब जब्त कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम मुखबिर से सूचना मिली कि मणिपुर अंतर्गत दर्रीपारा निवासी सरस्वती साहू अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब बना कर बिक्री कर रही है। सूचना पर तत्काल आबकारी उड़नदस्ता टीम ने सरस्वती साहू के घर दबिश दी,,घर की तलाशी लेने पर एक कमरे में दो चढ़ी भट्टी पाई गई जिसमें महुआ शराब बन रहा था दूसरे कमरे में 21 लीटर महुआ शराब बरामद किया। आरोपिया सरस्वती साहू के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।



### नशीला इंजेक्शन बेच रहा युवक गिरफ्तार

अम्बिकापुर। शहर के करसू तालाब के समीप नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने युवक के पास से बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को उड़नदस्ता कार्यालय में मुखबिर से सूचना मिली कि करसू तालाब के समीप सतीपारा निवासी कालू बड़ी संख्या में नशीले इंजेक्शन रखा है और बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल उड़नदस्ता टीम मौके पर पहुंची घेराबंदी किया। इसी बीच एक हाथ में थैला पकड़े संदिग्ध युवक ने सरकारी गाड़ी को देख भागने का प्रयास किया जिसे दौड़ा कर आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आशीष ठाकुर उर्फ कालू और सत्तीपारा निवासी बताया। टीम ने उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैला से 30 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम न आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# एक पखवाड़े बाद भी हथकड़ी खोलकर थाने से भागे बलात्कार के आरोपी को नहीं पकड़ पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हथकड़ी खोलकर थाने से भागे बलात्कार के आरोपी को कोनी पुलिस एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी पकड़ नहीं सकी है। पुलिस की लापरवाही से आरोपी बेखौफ होकर घूम रहा है।

कोनी पुलिस ने अपराध क्रमांक 365 / 25 धारा 137, 2, 64, 2, 4, 6 पाक्सो एक्ट के मामले में मोपका गार्डन सिटी निवासी स्वरित सिंह पिता कमलेश्वर सिंह 20 साल को 14 अगस्त को गिरफ्तार कर थाने में रखा था। उसकी सुरक्षा में रात 9 बजे से 15 अगस्त की सुबह 9 बजे तक आरक्षक रविशंकर जगत व प्रदीप पाव की ड्यूटी लगाई गई थी। सूत्रों के मुताबिक, रात में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी थाने के गार्ड रूम में रात 2 बजे तक बैठे, उसके बाद सो गए। पुलिसकर्मियों को खर्राटे मारते देख आरोपी स्वरित सिंह हाथ में बंधी हथकड़ी को निकालकर आराम से थाने से भाग गया था। पुलिस ने प्रधान आरक्षक बालेश्वर प्रसाद तिवारी की रिपोर्ट पर फरार आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर आरक्षक रविशंकर जगत, प्रदीप पाव को निलंबित कर खानापूर्ति कर ली है, लेकिन एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी कोनी पुलिस फरार आरोपी को नहीं पकड़ पाई है। आरोपी के खुले घूमने से पीड़िता पर खतरा मंडराने लगा है।

### नहीं बनाई गई कोई टीम

आरोपी के भागने पर कोनी पुलिस एक दो दिन इधर उधर हाथ पैर मारकर शांत बैठ गई है। उसे पकड़ने के लिए कोई टीम तक नहीं बनाई गई है। जबकि गंभीर मामले के आरोपी के भागने पर बकायदा पुलिस टीम बनाकर पतासाजी की जाती है।

## खबर संक्षेप



### औंराई में डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मड़वारानी।** ग्राम औंराई में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 38 प्रतिभागियों ने अपने डांस से शमा बांधे रहे। डांस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति वन समिति जिला पंचायत श्रीमती सावित्री अजय कंवर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुलोचना विश्राम सिंह राठिया सरपंच/बीडीसी एवं पंच उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वालित किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथितयों का बेच लगाकर स्वागत किया गया। ग्राम औंराई में डांस प्रतियोगिता में ग्रुप डांस में प्रथम पुरुष्कार 9001 रुपये, द्वितीय पुरुष्कार 7001 रुपये, तृतीय पुरुस्कार 5001 रुपये, चतुर्थ पुरुस्कार 4001 रुपये, पंचम पुरुस्कार 3001 रुपये, षष्ठम पुरुस्कार 2501 रुपये, सप्तम पुरुस्कार 2001 रुपये, अष्टम पुरुस्कार 1801 रुपये, नवम पुरुस्कार 1501 रुपये और एकल एवं युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 3001 रुपये द्वितीय पुरुस्कार 2001 रुपये तृतीय पुरुस्कार 1001 रुपये पुरुस्कार रखा गया था। इस कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासी औंराई और महिला समूह एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वधान में सम्पन्न हुआ।

### सेक्टर 1 बालको में गणेश उत्सव की रही धूम



**बालको।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सेक्टर 1 बालको नगर में श्रीगणेश उत्सव सेवा समिति द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन पंडित पीयूष दुबे के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ गणेश पूजन कराया जाता है तत्पश्चात प्रवीण पटेल द्वारा बनाए गए प्रसाद का भोग लगाया जाता है। प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें कॉलोनी के सभी बच्चे महिलाएं एवं पुरुष वर्ग बड़े ही उत्साह के साथ भाग लेते हैं एवं बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु उन्हें समिति द्वारा पुरुस्कृत किया जाता है। कॉलोनी के वरिष्ठ सदस्य जेएल पटेल, राज त्रिवेदी एवं अध्यापक नीलकंठ राठौर, अरुण झा का सहयोग रहा।

### नवनियुक्त निदेशक तकनीकी महापात्रा से सांसद प्रतिनिधि ने की मुलाकात



**दीपका।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर नवनियुक्त निदेशक तकनीकी योजना परियोजना श्री महापात्रा से सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत एसईसीएल मुख्यालय ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ मुलाकात की और जिले के भू-विस्थापितों की समस्याओं पर गहन चर्चा की। जिसे श्री महापात्र ने निदान हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर संतोष दास, अमनदीप, प्रमोद साहु, राजेश कुमार यादव, संतोष पटेल खोडरी आदि उपस्थित रहे।

### सिरमीना में आयोजित हुआ आयुष स्वास्थ्य शिविर



**कोरबा।** विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर जिले के आखिरी छोर सिरमीना में आयोजित किया गया। आयुष विभाग ने शासन के निर्देशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ उदय शर्मा के मार्गदर्शन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ग्रामीणों का उपचार किया गया। इस दौरान बीपी, शुगर, गठिया, वात, उदार रोग, स्वास, कास, सायटिका, अर्श अन्य बीमारियों का चिकित्सा एवं औषधि प्रदान किया गया। कुछ को पंचकर्म के लिए कटघोरा भेजा गया जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत सरपंच की मांग पर पहुंच विहीन ग्राम में आयुष विभाग के द्वारा शिविर आयोजित कियसा गया। चिकित्सक रमापति तिवारी के द्वारा ग्रामीणों को जानकारी बताया गया आपके आसपास हरित की पर्याप्त मात्रा में है जिसको आयुर्वेद में माता का दर्जा दिया गया है यह पेट संबंधित बीमारियों एवं यूनिटी पावर बढ़ाने सबसे अच्छी दवा है मुस्लिम हल्दी मुनगा आदि जड़ी बूटियोका उपयोग करें। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर सन्तोष पसायत, सुरेंद्र यादव, मनोज पंडा ने भी जानकारी दी, महिला विशेषज्ञ डॉक्टर मधुरेखा सिंह, होम्योपैथिक महिलाओं को उचित आहार बिहार, गुप्त बीमारियों संबंधित उपचार किया गया।

## वर्षों से किराए वाले भवन में संचालित होता था बाल सम्प्रेक्षण गृह

# जीर्णोद्धार के बाद कोहड़िया के नए भवन में शिफ्ट किया गया बाल संप्रेक्षण गृह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत की दृढ़ इच्छाशक्ति से जिले का बाल सम्प्रेक्षण गृह अब स्वयं के सर्वसुविधायुक्त भवन में संचालित हो रहा है, पूर्व में अनेक बर्षों से किराये के कम जगह वाले भवन में बाल सम्प्रेक्षणगृह संचालित होता था, स्थान की कमी के कारण बाल सम्प्रेक्षण गृह में बच्चों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए उन सुविधाओं को मुहैया कराने में कठिनाई होती थी, किन्तु अब स्थिति बदल चुकी है, बाल सम्प्रेक्षण गृह अपने स्वयं के भवन में स्थानांतरित हो चुका है तथा वर्तमान में 51 बच्चें वहाँ पर रखें गए हैं।

**खास बात**

- स्थान की कमी के कारण बच्चों के विकास व मेन्टल हेल्थ के लिए संचालित नहीं हो पा रही थी गतिविधियां

उल्लेखनीय है कि जिले में बाल सम्प्रेक्षण गृह भवन की महती आवश्यकता को देखते हुए जिला खनिज न्यास मद से लगभग 8 करोड़ रूपये की लागत से बाल सम्प्रेक्षण गृह भवन का निर्माण कराया गया था। निगम के कोहड़यि स्थित जल उपचार संयंत्र के पीछे स्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2021 में पूर्ण कर लिया गया था। उक्त भवन तक पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया था, परिणाम स्वरूप भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा, जिसके कारण असामाजिक तत्वों के द्वारा भवन में लगे दरवाजे, खिड़की, फाल्स सीलिंग, विद्युत फिटिंग व संबंधित सामग्री, सेनेटरी सामग्री, टाईल्स आदि उखाड़कर चोरी कर लिए गए थे, भवन खंडहर स्थिति में पहुंचने की कगार पर था। इसके साथ ही वहाँ पर विभिन्न सुविधाओं का अभाव भी था, जिसके चलते वहां पर सम्प्रेक्षण गृह का संचालन संभव नहीं हो पा रहा था। कलेक्टर श्री वसंत ने उक्त विषय को संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ स्थल का निरीक्षण किया। भवन की स्थिति को देखा तथा उन्होने भवन का मरम्मत करने, मुख्य मार्ग से भवन तक सड़क का निर्माण कराने, पार्किंग शेड, वेटिंग हाल, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए, इसके साथ ही कलेक्टर श्री वसंत ने प्रमुख कार्यों के लिए जिला खनिज न्यास मद से अतिरिक्त स्वीकृति भी प्रदान की। आयुक्त आशुतोष पण्डेय ने इस पर तत्काल कार्यवाही प्रारंभ कराई तथा कार्यों की लगातार मानीटरिंग करते हुए कार्यों को तीव्र गति दी, जिसके परिणाम स्वरूप बाल सम्प्रेक्षण गृह भवन का मरम्मत व सुधार कार्य पूरा करने के साथ ही सड़क का निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया एवं भवन में सभी आवश्यक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को त्वरित रूप से पूरा कराया गया, अब जिले के बाल सम्प्रेक्षण गृह को उक्त भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है तथा वह अपने स्वयं के सर्वसुविधायुक्त भवन में संचालित हो रहा है।



कोहड़िया में नवनिर्मित भवन।

**बाल सम्प्रेक्षण गृह को किराये के भवन से मिली मुक्ति**

महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा की उपसंचालक श्रीमती रेणु प्रकाश ने कहा कि अब हमारे बाल सम्प्रेक्षण गृह को किराये के भवन से मुक्ति मिल गई है, बर्षो से बाल सम्प्रेक्षण गृह किराये के भवन में संचालित होता था, जगह की कमी रहती थी, परिणाम स्वरूप बच्चों के विकास एवं उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियाँ समुचित रूप से संचालित नहीं हो पा रही थी किन्तु अब स्थिति बदल चुकी है, बाल सम्प्रेक्षण गृह भवन प्रदूषण से मुक्त एवं खुले स्थान पर बना है, भवन में पर्याप्त जगह है, जहां पर बच्चों के विकास व शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ अब समुचित रूप से संचालित हो सकेंगी।

**भवन में है विभिन्न सुविधाओं का प्रावधान**

नवनिर्मित बाल सम्प्रेक्षण गृह भवन में बच्चों के आवास के साथ-साथ बच्चों के लिए क्लास रूम, आडियो वीडियो कक्ष, कम्प्यूटर लैब, किचन, मेस, डायनिंग कक्ष, कन्सलटेंट कक्ष, बच्चों के लिए चिकित्सा सुविधा, बाल सम्प्रेक्षण गृह के वार्डन के लिए आवासगृह, पानी बिजली, शौचालय आदि की पर्याप्त व्यवस्था आदि से जुड़ी सुविधाएं भवन में की गई है।

## दिव्य मंत्रोच्चार के साथ आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन



कथा में शामिल भक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पितृ मोक्षार्थ गया श्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट कोरबा में आयोजित 8 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ दिव्य मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन संपन्न हुआ और हवन पूजन के साथ कथा भी संपन्न हो गई। विद्वान आचार्यों एवं पंडितों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के मंत्रोच्चार के साथ मातनहेलिया परिवार से हवन पूजन संपन्न कराया। प्रातः 10 बजे से हवन पूजन प्रारंभ हुआ और घंटों तक कथा स्थल जश्न रिसोर्ट दिव्य मंत्रोच्चार और घंटों की नाद से गूंजता रहा। हवन पूजन के साथ आयोजक परिवार ने हवन कुण्ड के चारों ओर परिक्रमा की और उपस्थित आचार्यों एवं पंडितों ने सभी देवी देवताओं सहित पितरों का आव्हान किया और मोक्ष प्राप्ति की कामना के साथ हवन पूजन संपन्न कराया। 8 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा संपन्न होने के बाद मातनहेलिया परिवार 2 सितंबर को गया श्राद्ध के लिए रवाना होंगे। एक सप्ताह तक गया में श्राद्ध क्रिया होगी। इसके पूर्व हरिद्वार की नारायणी शिला पर तर्पण किया जाएगा। इसके अलावा बोधिनी तीर्थ, प्रयागराज एवं वाराणसी में पिंडदान करेंगे। 24 सितंबर को मातनहेलिया परिवार कोरबा वापस आएंगे और 25 सितंबर को जश्न रिसोर्ट में ही विशाल भोग भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। जश्न रिसोर्ट में मातनहेलिया परिवार द्वारा पितरों की शांति एवं मोक्ष कामना को लेकर 8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन पंडित विजय शंकर मेहता के सानिध्य में संपन्न कराया गया। 7 दिन तक कथावाचक एवं प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरू पंडित विजय शंकर मेहता ने हजारों लोगों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराने के साथ जीवन को समृद्ध और खुशहाल बनाने के टिप्स दिए। श्री हनुमान चालीसा पर उपस्थित जनों को मन नियंत्रण के लिए ध्यान भी कराया और कहा कि प्रतिदिन भगवान की मूर्ति के समक्ष ध्यान करने से मन में शांति आती है और क्रोध पर नियंत्रण होने के साथ घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और घर की कलह मिट जाती है और नई पीढ़ी भी आबाद होती है।

# भगवान भक्तों को बिना मांगे ही सब कुछ दे देते हैं: मृदुलकान्त



कथा सुनते नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

बिलोटिया परिवार कोरबा के द्वारा दीनदयाल मार्केट कोरबा स्तिथ पीली कोठी में आयोजित पित्र मोक्ष गया श्राद्ध श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक आचार्य मृदुलकान्त शास्त्री महाराज वृंदावन धाम ने अपने व्यास पीठ से श्रोताओं को भगवान श्री कृष्ण व सुदामा चरित्र पर प्रवचन देते हुए बताया कि भगवान भक्तों को बिना मांगे ही सब कुछ देते हैं। श्री कृष्ण से सुदामा ने कुछ भी नही मांगा, किंतु प्रभु श्री कृष्ण ने उन्हें सब कुछ बिना मांगे ही देकर मित्रता का धर्म निभाया। कथा में आचार्य श्री मृदुलकान्त जी ने सुदामा चरित्र पर कहा कि एक बार सुदामा अपनी गरीबी से काफी परेशान थे लोगों के घर घर जाकर गोकुल वासियों से भीख मांगकर लाते थे। जितना मिलता था अपनी पत्नी को लाकर दे देते थे उसी से जीवन यापन किया करते थे। एक दिन उनकी पत्नी सुदामा से कहती है कि हे स्वामी ऐसे में हमारा गृहस्थ जीवन कब तक चलेगा। तुम अपने स्वामी द्वारिकाधीश से कुछ मांगते क्यों नहीं। सुदामा कहते हैं कि वो ऐसा नहीं कर सकते मगर सुदामा की पत्नी सुदामा से काफी जिद करती हैं, तब हार कर सुदामा अपने मित्र द्वारिकाधीश से मिलने द्वारिकाधीश जाने के लिए राजी हो जाते हैं। द्वारिकाधीश पहुंचने पर सुदामा को द्वारपाल द्वार पर ही रोक देते हैं,यह देख सुदामा द्वारपाल से कहते हैं कन्हैया मेरे कन्हैया देखों तुम्हारा लाखों में एक मित्र तुम्हारे द्वार पर सुदामा आया है और वो द्वारपाल से कहते हैं कि वो श्री द्वारिकाधीश के परम मित्र हैं। सुदामा की बात सुनकर द्वारपाल हंसने लगते हैं फिर भी द्वारपाल सुदामा को मिलने से रोक देते हैं। मगर सुदामा कहते हैं कि वो अपने मित्र द्वारिकाधीश से बिना मिले नहीं जाएगा। तभी एक द्वारपाल यह सब दृश्यों को देख रहा था तभी द्वारपाल वहां से जाकर द्वारिकाधीश को द्वार की सारी घटना के बारे में बताते हैं। वे कहते हैं कि द्वार पर कोई गरीब व्यक्ति आया हुआ है फ़टे पुराने कपड़े पहने हुए हैं व अपने आप को आपका मित्र व अपना नाम सुदामा बता रहा हैं। यह सुन द्वारिकाधीश राजगद्दी से उठ नंगे पांव सुदामा सुदामा पुकारते हुए राजमहल के मुख्य द्वार की ओर जाने लगे। तभी सारे सैनिक यह दृश्य देख काफी अचंभित रह जाते हैं। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु शामिल हुए।

# कटघोरा के राजा का आशीर्वाद लेने पहुंचे शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

आचार्य मृदुलकान्त शास्त्री महाराज वृंदावन धाम कटघोरा के राजा का दर्शन के लिए पहुंचे। आचार्य मृदुलकान्त शास्त्री गया श्राद्ध पित्र मोक्ष भागवत करने के लिए कोरबा आये हुए थे। कथा की समाप्ति के पश्चात विशेष रूप में गणपतिबप्पा के दर्शन करने कोरबा से कटघोरा स्तिथ जयदेवा गणेशोत्सव समिति के पंडाल में पहुंचे। जहां समिति के सभी सदस्यों ने भव्य आतिशबाजी के साथ शास्त्री महराज का स्वागत किया। ततपश्चात शास्त्री महराज ने गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**खास बात**

- आकर्षक पंडाल, प्रतिमा तथा साज सज्जा को लेकर समिति को दी बधाई

महराज श्री गणपतिबप्पा का वृहद पंडाल व भगवान श्री गणपति बप्पा की भव्यता को देख अभिभूत हो गए। महराज श्री ने बताया की उनका इस समिति के सदस्यों से काफी गहरा लगाव है। वर्ष 2022 में जब धनोंदिया परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में प्रथम बार कटघोरा आगमन हुआ था तब शास्त्री महराज कथा के पश्चात गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने पंडाल में पहुंचे थे। आशीर्वाद पश्चात समिति के सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें आश्वाशत किया था कि आने वाले वर्षो में आपकी समिति पूरे छत्तीसगढ़ में कटघोरा नगर के नाम को रौशन करेगी। आपके सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत व लगन से आने वाले वर्ष में नगर में गणपतिबप्पा का इतना विशाल व अद्भुत पंडाल का कार्य किया जाएगा, जिसका आप लोगों की संस्था के द्वारा कटघोरा नगर को पूरे छत्तीसगढ़ में एक अनूठी पहचान दिलाएगी। महराज श्री का समिति को लोगो को आशीर्वाद प्राप्त होते ही मानों चमत्कार हुआ व पूर्व वर्ष वर्ष 2023 में अयोध्या में निर्मित रामलला का विशाल मंदिर के तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण करवाया गया गया था। वर्ष 2024 में वृंदावन में निर्मित प्रेम मंदिर के तर्ज पर हुबहु प्रेम मंदिर का भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है व इस वर्ष पदनाभस्वामी मन्दिर का 121 फिट ऊंचा भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया। पंडाल के अंदर धनोद दुर्ग से लाया गया 21 फिट ऊंचा गणपति बप्पा की मूर्ति को स्थापित किया जाता है जो कि पंडाल की शान होती है। सत्र महराज का यह लगातार चतुर्थ वर्ष है।

संयोग ऐसा बनता हैं कि आचार्य श्री हर वर्ष समिति के सदस्यो व नगरवासियों को आशीर्वाद देने व स्वय गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने पंडाल में पहुंच ही जाते हैं। महराज श्री ने पूरे पंडाल भ्रमण किया व दगडूसेठ हलवाई की सुंदर प्रतिमा देख भाव विभोर हो गए इस सुंदर आयोजन के लिए आचार्य ने समिति के सभी सदस्यो को बधाई दी। समिति के वरिष्ठ सदस्य पार्षद संजय अग्रवाल व यजमान सुरेंद्र अग्रवाल सहित समिति के सभी सदस्यों के द्वारा आचार्य श्री को शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर धनोंदिया परिवार के सभी सदस्यों के साथ सभी नगरवासी भी उपस्थित रहे।



गणेश पंडाल में उपस्थित आचार्य शास्त्री व अन्य।

# एनटीपीसी ने आयोजित किया स्वच्छता पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत आसपास के गांवों के स्कूलों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीएसआर, एनटीपीसी ने स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन के सहयोग से धनरास और जमनीपाली स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम मंगलवार को सीएसआर, एनटीपीसी कोरबा और स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस जागरूकता को मजबूत करने के लिए विद्यालयों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वाल पेंटिंग भी की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और संदेशात्मक चित्रों के माध्यम से स्वच्छ भारत, स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ समाज जैसे विषयों पर सुंदर चित्र बनाए। प्रतियोगिता में विजेताओं को उनके रचनात्मक और अर्थपूर्ण चित्रों के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, बच्चों ने एक रैली भी निकाली, जिसमें उन्होंने रंग-बिरंगे पोस्टर लेकर स्वच्छता और स्वस्थ पर्यावरण के महत्व पर समुदाय को जागरूक किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं और एक स्वच्छ तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देते हैं।



कार्यक्रम में बच्चों के साथ शिक्षिकाएं।

# अग्रसेन जयंती समारोह पर विभिन्न प्रतियोगिता का अयोजन



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाराज अग्रसेन जयंती के पवान अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के साथ अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित किया जा गया है। जिसमें श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में चॉकलेट रेस वर्ग अ कक्षा 3 तक के बालक एवं बालिका जिसमें 53 प्रतिभागियों व वर्ग ब कक्षा 4 से 7 तक के बालक बालिका जिसमें 42 प्रतिभागियों, कुर्सी दौड (वर्ग अ कक्षा 3 तक के बालक एवं बालिका जिसमें 48 प्रतिभागियों व वर्ग ब कक्षा 5 से 8 तक के बालक बालिका जिसमें 42 प्रतिभागियों वर्ग पहेली जिसमें 14 प्रतिभागियों, शतरंज जिसमें 28 प्रतिभागियों, लूडो जिसमें 45 प्रतिभागियों, स्नैक लैडर गेम जिसमें 38 प्रतिभागियों, हिट द गिलास जिसमें 28 प्रतिभागियों, मटकी फोड जिसमें 35 प्रतिभागियों हिस्सा लिया। अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल ने सभी अग्रबन्धुओं से अपील करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का अयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होवें। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया 2 सितम्बर बिंगो हाउजी शाम 4 बजे श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल एवं 4 सितंबर को सेटल एण्ड कॉक प्रतियोगिता बैडमिटन 18 वर्ष के उपर सभी के लिए श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में, सेल्फी विथ सास-ससुर 10 सितंबर तक सेल्फी भेजनी होगी पीटठूल में 12 वर्ष से उपर की बालिकाओं व महिलाओं के लिए अयोजित होगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### करतला, कटघोरा...

में ही संपन्न होते थे। खिलाड़ियों की समस्या को देखते हुए राज्य शासन ने जिले के सभी विकासखंड में खेल स्टेडियम स्वीकृत किया है और इसके लिए 5 एकड़ की जमीन स्वीकृत की गई है। शासन के योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए खेल विभाग के द्वारा बीते जून माह से जमीन चयन के काम को लेकर कार्यवाही शुरु की गई थी और अब तक केवल कोरबा ब्लॉक के बरपाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम सिंधिया में ही राजस्व विभाग ने ही जमीन चिन्हांकन का कार्य पूरा किया है। इसके अलावा करतला, कटघोरा और पाली ब्लॉक में अब तक खेल विभाग को जमीन नहीं मिल सकी है। इसके पीछे जो कारण सामने आया है उसके अनुसार इन तीनों विकासखंड में वन भूमि और बड़े झाड़ के जंगल राजस्व रिकार्ड में दर्ज होने के कारण इन दोनों मद की भूमि में किसी तरह के निर्माण कार्य नहीं किये जा सकते और इस मद की भूमि को आबंटन भी नहीं किया सकता। यही कारण है कि तीनों विकासखंड में खेल विभाग की स्टेडियम को ब्रेक लग गया है।

### बाल संप्रेषण गृह...

भाग निकले। बाल सम्प्रेक्षण गृह की अधीक्षक ने सफाई दी कि उनके मामा का देहांत हो गया था, जिसके चलते वे एक दिन पहले ही बिलासपुर आ गई थीं। उन्होंने बताया कि गृह की सुरक्षा के लिए 3 शिफ्ट हेतु 3 सुरक्षा गार्ड रखे गए हैं। बहरहाल 4 किशोरों के फरार होने की सूचना सीएसईबी चौकी पुलिस को दे दी गई है और भवन की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है।

## जगह जगह विराजे विघ्नहर्ता


श्री श्री बाल गणेश समिति, राधाकृष्ण मंदिर चौक उमरेली


भुजंग गणेश उत्सव समिति बरपाली


वालीबॉल गणेश उत्सव समिति मानिकपुर।


श्री विघ्नहर्ता गणेश उत्सव समिति पं रविशंकर शुक्ल नगर।


पुलिस लाईन कोरबा।


टॉप इन टाउन होटल के नीचे स्थापित गणेश जी।


सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति मेन क्लब रजगामार।

### जिले में 130 व्याख्याताओं का प्राचार्य पद पर प्रमोशन

# पदोन्नति मिलने के 6 माह के भीतर ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे कुछ प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

व्याख्याता से प्राचार्य पद के लिए जारी पदोनन्ति सूची में जिले के 130 व्याख्याता प्राचार्य बने हैं। जिसमें 85 प्राचार्यों को जिले में ही पदस्थापना मिली है। शेष को जिले के बाहर भेजा गया है। 10 प्रतिशत नवनियुक्त प्राचार्य अपनी पदोन्नति मिलने के 6 माह में ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में पुनः प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे स्कूलों की व्यवस्था आ जाएगी।

**खास बात**

- 85 को जिले में ही मिली पदस्थापना




लगभग 13 साल बाद पदोन्नति के इंतजार में बैठे व्याख्याताओं को प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिली थी। इनमें जिले से 130 व्याख्याता शामिल हुए थे जिनमें 85 व्याख्याताओं को जिले के स्कूलों में ही रिक्त पड़े प्राचार्य पद पर पदस्थ कर लिया गया है। शेष प्राचार्यों को जिले के बाहर संभाग के स्कूलों में जगह मिली है। पदोन्नति के इंतजार में कई व्याख्याता इन 13 साल में सेवानिवृत्त हो चुके थे। जिनकी संख्या सौ से अधिक है और अब जिन 130 व्याख्याताओं को प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिली है उनमें से लगभग 13 व्याख्याता जो प्राचार्य बने हैं 6 माह के भीतर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इन व्याख्याताओं को प्रमोशन का लाभ मिलने से सेवानिवृत्त होने के बाद बड़े हुए वेतन भत्ते का लाभ मिलेगा। व्याख्याता से प्राचार्य पद पर पदोन्नति पाने वाले प्राचार्यों के सेवानिवृत्त होने के बाद उन स्कूलों की अध्यापन व्यवस्था एक बार फिर प्रभारी प्राचार्य के भरोसे आ जाएगी। पदोन्नति की इस प्रक्रिया में पिछले लंबे समय से प्राध्यापकों का इंतजार कर रही जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट को 5 प्राध्यापक मिले हैं जिनमें दो उप प्राचार्य के साथ 3 सहायक प्राध्यापक शामिल हैं। इसके पूर्व डाइट में अटैच प्राध्यापकों के भरोसे संस्थान का संचालन हो रहा था।

# जिले के सात शिक्षक सेमीनार में शामिल होने जाएंगे जम्मू कश्मीर


योगेश्वरी कुर्रे नेहा सिंह संदीप राज कविता साहू स्वाति मिश्रा


विवेक देवांगन भागवत राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम श्री विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर आयाम की ओर अग्रसर करने वाले शिक्षकों को क्षमता निर्माण कार्यशाला में शामिल होने का अवसर दिया जा रहा है। जम्मूकश्मीर आईआईटी में 4 सितंबर को आयोजित होने वाली कार्यशाला में जिले से 7 शिक्षक शामिल होंगे। जिन्हें सेमीनार में बेहतर शिक्षा के आयाम को लेकर प्रस्तुतीकरण देना होगा।

कार्यशाला के लिए चुने गए शिक्षकों में विवेक देवांगन पीएमश्री सेजस करतला, स्वाती मिश्रा पीएमश्री सेजस दीपका, कविता साहू सेजस तिलकेजा, नेहा सिंह पीएम श्री सेजस पोड़ी उपरोड़ा, भागवत प्रसाद राठौर पीएम श्री सेजस बालको, संदीप राज एकलव्य संयुक्त विद्यालय छुरीकला तथा योगेश्वरी कुर्रे पीएम श्री सेजस बांकीमोंगरा शामिल हैं। समग्र शिक्षा व राज्य परियोजना द्वारा आयोजित कार्यशाला में साइंस एवं टेक्नालॉजी के विषयों पर वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों के द्वारा चर्चा एवं क्रियाकलाप संपादित होंगे। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# खेलो इंडिया की प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया राज्यसभा सांसद ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ करने पहुंचे राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह का शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में सीएसईबी गेस्ट हाउस में स्वागत किया गया। इस दौरान महापौर संजू देवी राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, दिलेंद्र यादव, मनीष मिश्रा, मनोज लहरे, पार्षद हितानंद अग्रवाल, अजय चंद्रा, जिला सह मीडिया प्रभारी पवन सिन्हा, लक्की नंदा, अजय विश्वकर्मा, अनिल वस्त्रकार, गोपलाल राठिया, भरत सोनी, उदय सिंह, युगल केवट, नीरज ठाकुर, चंदन सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने स्टेडियम में आयोजित खेलो इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित यह महोत्सव युवाओं को खेलों से जोड़ने का प्रेरणादायी अवसर है।


राज्यसभा सांसद का स्वागत करते भाजपा जिला अध्यक्ष।

# एनएच में टोल प्लाजा के लिए लाए गए थे इलेक्ट्रानिक सामान, सुरक्षा कर्मियों ने ही की थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा चांपा रोड में संचालित टोल प्लाजा में इलेक्ट्रानिक सामानो को इंस्टाल करने के लिए बाहर से सामान मंगाया गया था जिसे स्टोर पर रखा गया था जिसकी सुरक्षा के लिए कर्मचारी भी तैनात किए गए थे। उन्हीं सुरक्षा कर्मियों ने स्टोर रुम का ताला तोड़ दिया और वहां रखे कीमती सामानों की चोरी कर ली थी और उसे खपा दिया था। जब चोरी का मामला सामने आया तो पुलिस की टीम हरकत में आयी और पुलिस ने स्टोर में चोरी करने वाले सुरक्षा कर्मियों व खरीददार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मूलतः बिहार औरंगाबाद निवासी परशुराम शर्मा उम्र 55 वर्ष पिता बजरंगी शर्मा ने उरगा थाने में 30 अगस्त के रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उरगा चांपा रोड में संचालित एलएचएस टोल प्लाजा में इलेक्ट्रानिक सामान की फीटिंग का कार्य चल रहा है वही पर एक कमरे में इलेक्ट्रानिक सामान रखा गया है। 28 अगस्त की रात्रि को वहां पर यूनाईटेट कंपनी के तरफ से सुरक्षाकर्मी विशाल काशी, विष्णु यादव, अजय कुमार नामदेव को स्टोर रूम की सुरक्षा कार्य में लगाया गया था जिनके द्वारा रात में लगभग 9 बजे स्टोर रूम का ताला तोड़कर वहां पर रखे कम्प्यूटर के डिस्पले को चोरी कर उरगा निवासी बबलू पाटले उर्फ देवेन्द्र पाटले के पास 15 सौ रुपए में बिक्री कर दिया। पुलिस ने सभी आरोपीगणों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।



### एल्युमिनियम केबल की चोरी, तीन गिरफ्तार



उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पताढ़ी स्थित अडानी पॉवर प्लांट के डिप्टी जीएम मणीकांत झा उम्र 50 वर्ष पिता देवेन्द्र प्रसाद झा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम कनकी में पावर सप्लाई एल्मुनियम केबल तार लगाया गया था जिसे कुछ अज्ञात चोरो ने 8 मार्च की रात्रि में 100 मीटर लगभग एल्मुनियम केबल तार को चोरी कर ले गये है तथा 4 किलोमीटर एल्मुनियम केबल तार को काट कर गिरा दिया था जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। इस बीच उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कनकी से चोरी हुई एल्मुनियम केबल तार को सीतामणी निवासी प्रभुराज पटेल अपने अन्य साथी के साथ चोरी कर सुखराम पटेल व सूरज कुमार वर्मा को बेचकर अफरा-तफरी किये हैं। साथ ही मामले में फरार अन्य आरोपीगण वीर सिंह चौहान, संतोष वर्मा उर्फ बांगो, निखिल यादव एवं एक विधि से संघर्षरत बालक के संकुनत पर जाकर पतासाजी किया गया जो अपने घर पर मिले। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

# नेशनल थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ड्रेगन मार्शल आर्ट के बॉक्सर्स ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित नेशनल थाई बॉक्सिंग कैडेट, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर प्रतियोगिता बनारस में 29 से 31 अगस्त तक सनबीम स्कूल वाराणसी में आयोजित हुई। जिसमें सभी राज्यों से लगभग 300 खिलाड़ी इस प्रतियोगता में भाग लिये। जिसमें पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़ की टीम इसमें भाग लिये। छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक प्रसाद के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से कुल 86 खिलाड़ी, 10 ऑफिसियल, 1 रिप्रेजेंटेटिव, 1 टीम कोच और 1 मैनेजर इसमें शामिल हो रहे। जिले के ड्रैगन मार्शल आर्ट एकेडमी से कुल 10 बॉक्सर्स 4 ऑफिसियल की टीम रही। जिसमें रजल चक्रवती 28 किलो, आयुष उरांव 32 किलो, अथर्व शर्मा 48 किलो, हर्ष यादव 50 किलो, शेन एलेक्स 55 किलो, आराध्या श्रीवास 63किलो, हर्षिता केवट 30 किलो, सामद्रिता चक्रवर्ती 55 किलो, दीपक रोहिदास 52 किलो, अनुज अग्रवाल 58 किलो, अभय यशवर्धन 55 किलो, निखिल 72 किलो, अभिषेक तिवारी 85 किलो में अपना दमखम दिखाएं।


प्रतियोगिता में शामिल हुए विजयी खिलाड़ी।

# एनसीसी के पांच कैडेट्स का थल सेना कैंप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीजी कॉलेज की नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) इकाई के पांच कैडेट्स का चयन थल सेना कैंप के लिए हुआ है। इसमें कैडेट ऋषभ यादव, राकेश साहू, नेहा पटेल, राजाराम, शशि रानी शामिल हैं। ये सभी दिल्ली में आयोजित होने वाले इस कैंप में भाग लेंगे।

यह महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट में पहली बार हुआ है, जब इतने कैडेट्स ने टीएससी कैंप के लिए सफलता प्राप्त की है। कैंप का सबसे चुनौतीपूर्ण और प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें पूरे देश से चयनित कैडेट्स अपनी दक्षताए नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का प्रदर्शन करते हैं। सफलता प्राप्त कैडेट्स ने कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शिखा शर्मा ने कहा कि कैडेट्स ने संस्थान का मान बढ़ाया है। 1 छ.ग. एनसीसी बटालियन कोरबा के कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार ने कहा कि यह चयन कैडेट्स के अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिणाम है। हमें विश्वास है कि वे दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और अपने संस्थान तथा यूनिट का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे। एनसीसी प्रभारी शुभम ढोरिया ने कहा कि सभी कैडेट्स ने पूरे मनोयोग से तैयारी की थी। चयनित कैडेट्स की यह उपलब्धि पूरे यूनिट की मेहनत का परिणाम है, जो कैडेट्स इस बार चयनित नहीं हो पाए हैं। वे निराश न हों और आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयासरत रहें।



### 8 स्काउट्स, गाइड्स, रेंजर्स को राष्ट्रपति पुरस्कार

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आयोजित समारोह में केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राष्ट्रपति पुरस्कार का वितरण किया। जिले से रेंजर गीता वैष्णव ने मंच से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किया। जिले के स्काउट सौरभ कुमार धृतलहरे, निखिल साहू, गाइड रोशनी पटेल, आकृति खूंटे, सुरेखा कंवर, रेंजर राजेश्वरी साहू, कोमल शर्मा, गीता वैष्णव को राष्ट्रपति पुरस्कार का प्रमाण पत्र मिला है। मूल समारोह 22 जुलाई, 2025 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुआ था। देशभर के शेष प्रतिभागियों को 31 अगस्त को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति पुरस्कार के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। छत्तीसगढ़ के 20 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स का दल राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में इस समारोह में सम्मिलित हुआ।

### पटाखा लायसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन आज से

**कोरबा।** दीपावली पर्व की दृष्टि से अस्थाई पटाखा लायसेंस बनवाने हेतु इच्छुक आवेदकों से 1 से 12 सितंबर तक आवेदन एलएसडीए माडुल के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्थाई पटाखा लायसेंस बनवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन पश्चात ऑनलाइन की पावती सहित आवेदक को आवेदन के साथ साइट मैप, जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र और स्वयं का पासपोर्ट आकार का कलर फोटो दो नग एवं फोटो युक्त परिचय पत्र सहित दस्तावेज 2 प्रतियों में कलेक्टर कार्यालय कोरबा के लायसेंस शाखा में जमा कराना अनिवार्य है। इस हेतु रूपये छः सौ का चालान जमा किया जाना है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह अगस्त 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अगस्त 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 सितंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

